## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में कोरोना के 87 नये मामले आए, दो लोगों की मौत

**जयपुर/एजेंसी।** राजस्थान में वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण के 87 नये मामले सामने आने के साथ ही इसकी संख्या बढ़कर मंगलवार को तीन लाख 17 हजार 674 हो गई। चिकित्सा निदेशालय की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में सर्वाधिक 27 नये मामले राजधानी जयपुर में सामने आए हैं। इसके अलावा कोटा में 11, भीलवाड़ा में नौ, जोधपुर में आठ, उदयपुर में सात, अजमेर में छह, पाली में चार, श्रीगंगानगर, झालावाड़, राजसमंद में दो-दो, बांसवाड़ा, अलवर, बारां, बाड़मेर, बीकानेर, दौसा, नागौर, में एक-एक नया मामला सामने आया हैं। रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में मंगलवार को दो और संक्रमितों की मौत होने के साथ ही इससे मरने वालों का आंकड़ा 2768 पहुंच गया है। प्रदेश में एक्टिव केसों की संख्या एक हजार सात सौ 98 हैं। रिपोर्ट के अनुसार भरतपुर, बूंदी, चित्तौड़गढ, चुरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, झुंझुनू, करौली, सीकर, सवाई माधोपुर सिरोही एवं टोंक में आज एक भी नया संक्रमित मामला सामने नहीं आया।

### समाज सेवा के लिए करन अलवानी हुए सम्मानित



**जयपुर।** समाजसेवी करन अलवानी को एक समारोह में समाज सेवा में अपना तन मन धन से योगदान देने के लिए करन अलवानी को सम्मानित किया गया संस्था के लोगों ने बताया कि अलवानी हमेशा समाज सेवा के कार्य में आगे रहते हैं उनके लिए उन्हें कई संस्थाओं ने सम्मानित भी किया है।

### यातायात नियमों के उल्लंघन पर सात लाख से अधिक का जुर्माना वसूला

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में महामारी अध्यादेश 2020 निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने पर पिछले 24 घंटों के दौरान 151 मामलों में कार्यवाही करते हुये 18 हजार 400 रूपये का जुर्माना वसूला वहीं रात्रि में यातायात नियमों के उल्लंघन पर 139 वाहनो पर कार्यवाही कर सात लाख 91 हजार सात सौ रूपये का जुर्माना वसूला। पुलिस आयुक्तालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार राजस्थान महामारी अध्यादेश 2020 के तहत जयपुर शहर में उल्लंघन करने वालों के खिलाफ 338 कार्यवाही कर 39 हजार नौ सौ रूपये का जुर्माना वसूल किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान एवं कार्यस्थल पर फेस मास्क नहीं पहनने पर गत 24 घंटों में आठ व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर चार हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। सार्वजनिक स्थान पर लोगों द्वारा शराब का सेवन करने पर एक व्यक्ति् के विरूद्ध कार्यवाही कर 200 रूपये का जुर्माना वसूला गया वहीं सार्वजनिक स्थान पर न्यूनतम 6 फीट की सामाजिक दूरी बनाकर नहीं रखने पर 142 व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर 14 हजार दो सौ रूपये का जुर्माना वसूला गया।

### हड़ताली ठेका कर्मियों के साथ वार्ता का आयोजन

**जयपुर।** राजस्थान में एसएमएस मेडिकल कॉलेज और इससे सम्बद्ध अस्पतालों में ठेके पर कार्यरत हड़ताली कर्मियों के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग लगातार संपर्क में है और उनसे वार्ता कर उनकी मांगों पर निरंतर सुनवाई की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा शासन सचिव वैभव गालरिया के निर्देश पर साथ मंगलवार को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिवांगी स्वर्णकार ने हड़ताली ठेका कर्मियों के दल से विस्तार से बात की और उनका पक्ष जाना। विभाग के आला अधिकारियों द्वारा बुधवार को भी ठेका कर्मियों से बातचीत कर हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व सोमवार को हड़ताली ठेका कर्मियों की मुलाकात चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा से हुई थी। इस दौरान विभिन्न मांगों पर विस्तार से बातचीत भी हुई थी। विभाग द्वारा ठेका कार्मिकों की उचित मांगों पर गंभीरता से कार्यवाही की जा रही है।

### अजमेर जिले में निकाय प्रमुख के लिए 18 नामांकन पत्र दाखिल

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर जिले के सात फरवरी को होने वाले निकाय प्रमुखों के चुनाव के लिए 13 उम्मीदवारों ने 18 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि अजमेर नगर निगम के लिए पांच उम्मीदवारों ने आठ, नगर परिषद किशनगढ़ के लिए दो उम्मीदवारों ने तीन, नगरपालिका बिजयनगर के लिए दो उम्मीदवारों ने तीन तथा केकड़ी एवं सरवाड़ नगरपालिकाओं के लिए दो दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं जिनकी जांच का काम कल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अजमेर नगर निगम में महापौर पद के लिए बृजलता (भाजपा), द्रौपदी देवी (कांग्रेस), के अलावा चंचल देवी (कांग्रेस के साथ निर्दलीय), पिंकी (कांग्रेस के साथ निर्दलीय) तथा काजल यादव ने निर्दलीय नामांकन दाखिल किया है। किशनगढ़ नगर परिषद में सभापति के लिए दिनेश सिंह (भाजपा) तथा प्रदीप अग्रवाल (कांग्रेस) ने नामांकन भरा है।

### नेताओं में सहमति नहीं बनने से अटकीं राजनीतिक नियुक्तियां

**जयपुर।** कांग्रेस में एक बार फिर राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर सियासत गरमा गई है। प्रदेश में अब तक राजनीतिक नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। इसके लिए कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने 31 जनवरी तक डेडलाइन दी थी, बावजूद इसके नियुक्तियों का काम अब तक अटका हुआ है। कांग्रेस के जानकारों का मानना है कि कांगेस की आपसी खींचतान की वजह से ही यह नियुक्तियां नहीं हो पाई हैं। अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच सहमति नहीं बनना माना जा रहा है। इससे पहले अजय माकन ने 31 दिसंबर तक कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी के गठन का दावा किया ।

## प्रदेश में खिलाड़ियों को मिले बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं : गहलोत



**जयपुर/एजेंसी।** मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने पिछले दो साल में कई बड़े फैसले लिए हैं। हमारा प्रयास है कि राजस्थान खेलों में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान कायम करे। उन्होंने अधिकारियों को खेल प्रशिक्षकों की सेवाएं लेने के लिए सेवा नियम बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रदेश में करीब 500 बेहतरीन खेल प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जा सकेंगी। श्री गहलोत मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर खेल एवं युवा मामलात विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि खेलों को लेकर की गई बजट घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास करें, ताकि खिलाड़ियों को समय पर इनका समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेल सुविधाओं के विकास में कोई भी कमी नहीं रखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की खेल प्रतिभाओं में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उम्दा प्रदर्शन की क्षमता मौजूद है। आवश्यकता है कि उन्हें अच्छा प्रशिक्षण, आवश्यक सुविधाएं और आगे बढ़ने के अवसर मिलें। ऐसे प्रयास करें जिससे गांव और कस्बों तक खेलों के प्रति युवाओं का रूझान बढ़े। उन्हें स्कूल स्तर से ही खेलों की बेहतरीन कोचिंग मिले।

श्री गहलोत ने जयपुर में एसएमएस एवं विद्याधर नगर स्टेडियम तथा जगतपुरा शूटिंग रेंज में विकास कार्यों की आवश्यकताओं, अन्य शहरों और गांव स्तर तक खेल सुविधाओं के विकास के बारे में प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ाने और निरन्तर नया करने की प्रेरणा देने के लिए वर्चुअल माध्यम से यूथ मॉटिवेशन प्रोग्राम आयोजित करने के निर्देश भी दिए। खेल एवं युवा मामलात राज्यमंत्री श्री अशोक चांदना ने कहा कि पिछले वर्ष हुए राज्य खेलों के आयोजन में 8 हजार खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इससे राजस्थान में खेलों के विकास के लिए अच्छा माहौल तैयार हुआ है। इस क्रम को आगे बढ़ाते हुए गांव एवं ब्लॉक स्तर पर भी खेलों के आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पदक विजेताओं को प्रोत्साहन राशि में वृद्धि, आउट ऑफ टर्न नियुक्ति और अन्य खिलाड़ियों को नौकरियों के लिए आरक्षण के नियमों में सरलीकरण से खेलों के प्रति युवाओं का रूझान बढ़ा है। दूसरे राज्यों के खिलाड़ी भी इन फैसलों की सराहना कर रहे हैं। शासन सचिव खेल एवं युवा मामलात श्री दिनेश कुमार यादव ने विभाग के प्रस्तुतीकरण में बताया कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने बीते वर्ष गुवाहटी में हुए राष्ट्रीय खेलों में 11वां स्थान हासिल किया। जापान में प्रस्तावित ओलम्पिक एवं पैरालम्पिक खेलों में भी राजस्थान के 9 खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को विभिन्न स्तर पर प्रोत्साहन राशि के रूप में 26.53 करोड़ रूपये की राशि वितरित की गई है। बैठक में मुख्य सचिव श्री निरंजन आर्य सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।


### हड़ताली ठेका कर्मियों के साथ वार्ता का आयोजन

**जयपुर।** राजस्थान में एसएमएस मेडिकल कॉलेज और इससे सम्बद्ध अस्पतालों में ठेके पर कार्यरत हड़ताली कर्मियों के साथ चिकित्सा शिक्षा विभाग लगातार संपर्क में है और उनसे वार्ता कर उनकी मांगों पर निरंतर सुनवाई की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा शासन सचिव वैभव गालरिया के निर्देश पर साथ मंगलवार को आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिवांगी स्वर्णकार ने हड़ताली ठेका कर्मियों के दल से विस्तार से बात की और उनका पक्ष जाना। विभाग के आला अधिकारियों द्वारा बुधवार को भी ठेका कर्मियों से बातचीत कर हल निकालने का प्रयास किया जाएगा। गौरतलब है कि इससे पूर्व सोमवार को हड़ताली ठेका कर्मियों की मुलाकात चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा से हुई थी। इस दौरान विभिन्न मांगों पर विस्तार से बातचीत भी हुई थी।


## सेनाध्यक्ष तक पहुंचा कमांडरों के बीच विवाद का मामला

**जयपुर/जोधपुर।**


भारतीय सेना के दो शीर्ष कमांडरों के मतभेद सुर्खियों में है। जयपुर स्थित दक्षिण-पश्चिमी कमान में तैनात इन दोनों शीर्ष कमांडरों के बीच ईगो क्लैश इतना अधिक बढ़ गया कि एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें की गई। हालांकि, यह किसी घपले से जुड़ा मसला नहीं है। सेना की तरफ से इस मामले में कोर्ट ऑफ इंक्वायरी के आदेश के बाद दोनों अफसरों ने अपनी शिकायत वापस ले ली। लेकिन दोनों के बीच मतभेद अभी तक कम नहीं हुए हैं। पश्चिमी सीमा की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली इस महत्वपूर्ण कमान के नंबर एक और नंबर दो अफसरों के बीच चल रहे इस शीत युद्ध के कारण सामान्य कामकाज पर असर पड़ रहा है। मामला दक्षिणी कमान के जीओसी इन सी और आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आलोक कलेर और इस कमान के दूसरे नंबर के अधिकारी चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल केके रेपसवाल से जुड़ा है। दोनों



के बीच चल रहे मतभेद को पूर्व सैन्य अधिकारी सेना के अनुशासन के लिए अच्छा नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि इससे गलत संदेश जाता है। एक रिटायर्ड अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जब एक समान पद के दो व्यक्ति साथ में काम करते हैं तो कुछ मतभेद होना स्वभाविक ही है।

## राज्य में नम भूमियों के सर्वेक्षण के प्रबंधन की योजना तैयार की जाएंगी : श्रेया गुहा

**जयपुर/एजेंसी।** वन एवं पर्यावरण विभाग की प्रमुख शासन सचिव श्रीमती श्रेया गुहा ने कहा कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण की पालना में प्रदेश के हर जिले में नम भूमियों का सर्वेक्षण कर उनको अधिसूचित करने तथा उनके प्रबंधन की योजना तैयार की जा रही है। श्रीमती गुहा मंगलवार को वन एवं पर्यावरण विभाग द्वारा यहां ''वेटलैण्डस एंड वाटर'' विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि राज्य में अन्तर्राष्ट्रीय महत्ता की दो रामसर साइट्स है जिनमें से एक केवला देव राष्ट्रीय उद्यान है जिसे वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम के तहत विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सांभर लेक के प्रबंधन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक स्टेण्डिंग कमेटी गठित की



गई है तथा सांभर लेक विकास अथॉरिटी का गठन करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। वेबीनार में चिलका लेक डवलपमेन्ट अथॉरिटी के पूर्व सी.ई.ओ. श्री अजीत पटनायक द्वारा नम भूमियों की पारिस्थिकीय महत्ता एवं इसके संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि नम भूमि स्थानीय जल तंत्र के लिए एक किडनी के तर्ज पर कार्य करती है तथा जन्तुओं एवं पादपों के लिए एक समूह तंत्र है। तथा दुनिया की तमाम सभ्यताएं जल स्त्रोतों के निकट ही बसती आई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विश्व की सभी नम भूमियों में से लगभग 90 प्रतिशत नमभूमि नष्ट हो चुकी है तथा भविष्य हेतु नयी नम भूमियों का संरक्षण, प्रबधन तथा जीर्णोद्वार किये जाने की आवश्यकता है। श्री पटनायक ने इजराइल के जल संरक्षण एवं सतत् विकास मॉडल का वर्णन करते हुए उक्त मॉडल को देश के सभी राज्यों में लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## राजस्थान आवासन मण्डल ने 500 सम्पत्तियां बेचकर 135 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त किया: पवन अरोड़ा

**जयपुर/एजेंसी।**

आवासन आयुक्त श्री पवन अरोड़ा ने बताया कि मलमास के खत्म होते ही एक पखवाड़े में पंच शतकीय रिकॉर्ड बनाते हुए राजस्थान आवासन मण्डल ने 500 सम्पत्तियां बेचकर 135 करोड रूपये का राजस्व प्राप्त किया है। इनमें बुधवार नीलामी उत्सव के तहत 430 सम्पत्तियां बेचकर 42 करोड 32 लाख रूपये और 70 प्रीमियम सम्पत्तियों के विक्रय से 92 करोड 73 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ। इतने अल्प समय में राज्य में किसी भी निजी व सरकारी संस्था ने ई-ऑक्शन के माध्यम से अभी तक न तो इतनी सम्पत्तियों का विक्रय किया और न ही इतना राजस्व प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि मलमास समाप्त होने के बाद मण्डल की सम्पत्तियां क्रय करने के लिये लोगों में खासा उत्साह नजर आ




रहा है। बुधवार नीलामी उत्सव के साथ मण्डल की प्रीमियम सम्पत्तियों को खरीदने के लिये खरीददारों में प्रतिस्पर्द्धा दिख रही है। इतने बड़े भूखण्ड का विक्रय रियल स्टेट के जानकारों के लिये कौतुहल का विषय बना हुआ है। आयुष मार्केट और आतिश मार्केट की 14 दुकानें बिकीं 13 करोड रूपये में आयुक्त ने बताया कि मण्डल द्वारा जयपुर के प्रताप नगर में विकसित किये जा रहे आयुष मार्केट की 6 दुकानें 2 करोड 94 लाख रूपये में बिकीं। इसी तरह मानसरोवर योजना में विकसित किये जा रहे आरएचबी आतिश मार्केट में 8 शोरूम भूखण्ड 10 करोड 8 लाख रूपये में बिकें। रोचक बात यह रही कि आतिश मार्केट में भूखण्ड संख्या 66 अपने निर्धारित न्यूनतम बोली मूल्य से 4 गुना कीमत में बिका। इस भूखण्ड का निर्धारित बोली मूल्य 80 हजार रूपये प्रति वर्ग मीटर था जो कि 3 लाख 40 हजार रूपये प्रति वर्ग मीटर में बिका।

### बीकानेर में अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार

**बीकानेर।** बीकानेर में दोपहर में अब गर्मी का अहसास होने लगा है, दरअसल यहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान भी दस डिग्री सेल्सियस से अधिक है। पिछले दो दिन से बढ़े तापमान के साथ ही सूर्योदय भी जल्दी होने लगा है। बीकानेर में पिछले चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस रहा। मंगलवार को बीकानेर में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को आंशिक कमी तो आई लेकिन अधिकतम तापमान में कोई कमी नहीं आई। मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।


**यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड**

रजि. ऑफिसः ई–521, सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर–22 (राज.)

सी आई एनः L24119RJ1993PLC007148

वेबसाईट : www.uniqueorganics.com

ई–मेल : compliance@uniqueorganics.com

दूरभाषः 91–141–2770315 / 2770509

**संचालक मंडल की सभा का नोटिस**

एतद द्वारा सेबी (सूचीबद्धता अनिवार्यता एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 के विनियम 29 के अनुसरण में सूचित किया जाता है कि यूनिक ऑरगेनिक्स लिमिटेड के निदेशक मंडल की सभा का आयोजन **गुरुवार, 11 फरवरी, 2021 को दोपहर 2.30 बजे** कंपनी के पंजीकृत कार्यालय ई–521, सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया, जयपुर–302022 (राज.) पर किया जायेगा। जिसमें 31.12.2020 को समाप्त तृतीय तिमाही के अनांकेक्षित वित्तीय परिणाम तथा सीमित समीक्षा रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन किया जाएगा।

स्थान : जयपुर
दिनांक : 03.02.2021

रामअवतार जाँगिड़
(कम्पनी सचिव)


## राज्य सरकार प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों के समग्र विकास और जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए कृत संकल्पित : बामनिया

**जयपुर/एजेंसी।**

जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्य मंत्री श्री अर्जुनसिंह बामनिया ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के जनजाति क्षेत्रों के समग्र विकास और जनजाति वर्ग के उत्थान के लिए व्यापक स्तर पर भरसक प्रयासों में जुटी हुई है और इस दिशा में कहीं कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। श्री बामनिया जैसलमेर के सर्किट हाउस में जनजाति क्षेत्रीय विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे जनजाति क्षेत्रीय विकास से संबंधित योजनाओं और कार्यक्रमों के बेहतर क्रियान्वयन के प्रति गंभीर रहें तथा इनसे संबंधित गतिविधियों के माध्यम से



जनजाति विकास का आदर्श स्वरूप दर्शाएं और जनजाति वर्ग के लोगों को विकास की मुख्य धारा से लाभान्वित करें। इसके लिए क्षेत्र में जनजाति क्षेत्रीय विकास योजनाओं के बारे में व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने कहा कि जनजाति महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित उत्पादों के समुचित विपणन की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए बाजार की मांग के अनुसार उत्पाद निर्माण के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। इस बारे में गोल्डन सिटी सीएलएफ की सचिव विनीता जैन ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा उत्पादित सामग्री के विपणन की समुचित व्यवस्था तथा ऑनलाईन पोर्टल के लिए आग्रह किया। जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री ने जिला कलक्टर से कहा कि इस बारे में संभावनाओं को तलाशते हुए प्रभावी योजना बनाकर समूहों की महिलाओं को लाभान्वित किया जाए। श्री बामनिया ने जैसलमेर जिले में विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जनजाति बहुत क्षेत्रों में जनजाति विकास गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और इसके लिए सभी संबंधित अधिकारी इस लक्ष्य के साथ काम करें कि जनजाति उत्थान और क्षेत्रीय विकास में कहीं कोई कमी नहीं रह जाए। उन्होंने जनजाति क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर बिजली कनेक्शन की स्थिति, सामुदायिक विकास गतिविधियों के अन्तर्गत सामुदायिक भवन, सड़क, पशुपालन गतिविधियों को बढ़ावा देने, सामुदायिक शौचालय, जनजाति छात्र-छात्राओं के लिए बेहतर शिक्षा व छात्रावास के प्रबंधों आदि पर बिन्दुवार जानकारी ली।


**हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : बी–17, द्वितीय तल, 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर–302006

वेबसाइट : www.highstreetfilatex.in

ई–मेल : highstreet.filatex@gmail.com

Corporate Identity Number : L18101RJ1994PLC008386

**सूचना**

भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सूचीकरण दायित्व और प्रकटन अपेक्षाएं) रेग्यूलेशन 2015 के नियम 47 के तहत यह सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मण्डल की बैठक गुरुवार, फरवरी 11, 2021को शाम 04.00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय बी–17, द्वितीय तल 22 गोदाम औद्योगिक क्षेत्र जयपुर 302006 में आयोजित की जा रही है जिसमे अन्य विषयों के साथ साथ दिसम्बर 31, 2020 की समाप्त तिमाही/नौमाही के लिए कंपनी के गैर अंकेक्षित वित्तीय परिणामो पर स्वीकृति दी जाएगी तथा लिमिटेड रिव्यु रिपोर्ट को रिकॉर्ड में लिया जायेगा। यह सूचना कम्पनी की वेबसाईट **www.highstreetfilatex.in** और स्टॉक एक्सचेज की वेबसाईट **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध है।

कृते हाई स्ट्रीट फिलाटेक्स लिमिटेड
ह./–
विभोर कुमावत
कम्पनी सचिव वं अनुपालन अधिकारी
ACS-55710

स्थान : जयपुर
दिनांक : 03.02.2021



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, **सपादक अमृत जैन के लिये,** यंगलीडर प्रेस से मुद्रित 2073, चाकसू का चौक, घी वालों का रास्ता, जौहरी बाजार, जयपुर से प्रकाशित। **मो. 9868155089, 9829193560 फोन नं. 0141-2570653 (RNI No. RAJHIN/2004/12833)**